# लखनऊ, गाजियाबाद में भी फ्लैटेड फैक्टरी काम्प्लेक्स

- कानपुर, आगरा में बन चुके हैं फैक्टरी काम्प्लेक्स
- गाजियाबाद, लखनऊ के लिए केंद्र ने दी स्वीकृति

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** कानपुर और आगरा के ही तर्ज पर अब गाजियाबाद और लखनऊ में भी फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स बनेंगे। यहां पर एमएसएमई से जुड़े उद्यमों की स्थापना होगी। इन दोनों ही शहरों में फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स योजना को केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है तथा यहां विकास एवं निर्माण से जुड़े विभिन्न कार्यों को पूरा किया जा रहा है।

गाजियाबाद में 9734.21 वर्ग फीट क्षेत्र में फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स कार्य करेगा। यहां कुल मिलाकर 40 काम्प्लेक्स की स्थापना हो सकेगी। इसी प्रकार, लखनऊ में भी 7901.6 वर्ग फीट क्षेत्र में फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के निर्माण चल रहा है। कार्य पूरा होने पर यहां 48 दुकानों व इकाइयों की स्थापना व संचालन हो सकेगा।

सभी फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर निर्मित व विकसित किए जा रहे हैं जिससे एमएसएमई सेक्टर से जुड़े उद्योगों को कम पूंजीगत निवेश में भी निर्माण इकाई स्थापित करने में मदद मिलेगी। यह योगी सरकार द्वारा वर्ष 2022 में लागू की गई उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति के तहत फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स योजना चलाई जा रही है।